मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 44 | अंक : 89 | बुधवार, 18 जून 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. | Mobile.:- 9822045566
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'डॉन-3' में कियारा को रिप्लेस करेंगी कृति सेनन!

# साइबर क्राइम के प्रति रहें जागरूक

## एक घंटे के भीतर साइबर क्राइम की शिकायत करने पर वापस मिल सकते हैं रुपए -पुलिस आयुक्त डुंबरे



**ठाणे.** ठाणे शहर के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने कहा कि साइबर अपराध के एक घंटे के भीतर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने पर पैसा वापस मिलने की संभावना अधिक होती है। वे वैश्विक बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर ठाणे वरिष्ठ नागरिक संघ केंद्रीय समिति की ओर से वारकरी भवन में आयोजित व्याख्यान में बोल रहे थे।



पुलिस आयुक्त ने वरिष्ठ नागरिकों के वित्तीय उत्पीड़न के कई उदाहरण दिए और बताया कि किस प्रकार स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त डुंबरे ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिकों और पुलिस के बीच सामंजस्यपूर्ण संवाद सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को बुजुर्गों की समस्याओं पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

एड. प्रमोद ढोकले ने वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार की परिभाषा, दुर्व्यवहार के कारणों तथा शारीरिक, मानसिक और वित्तीय परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस समय बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार करना संज्ञेय अपराध है और इसके लिए तीन महीने की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने विभिन्न पुलिस थानों के पुलिस कांस्टेबलों और सहायक पुलिस निरीक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए भी अपनी तत्परता दिखाई।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रकाश दिघे ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया जबकि उपाध्यक्ष रवींद्र दलवी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## साइबर क्राइम की संख्या हो रही वृद्धि

- ठाणे जिले में साइबर अपराधों की संख्या में वृद्धि हो रही है। साइबर ठग, लोगों को विभिन्न तरीकों से ठगने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं, जैसे कि फर्जी क्रेडिट कार्ड, निवेश, नौकरी, और धमकी देकर. इन अपराधों से निपटने के लिए, ठाणे पुलिस ने एक नया साइबर पुलिस स्टेशन भी खोला है.

### साइबर अपराधों के कुछ सामान्य प्रकार

- साइबर ठग लोगों को फर्जी निवेश, लॉटरी, या नौकरी के अवसरों का झांसा देकर ठगते हैं. साइबर अपराधी क्रेडिट और डेबिट कार्ड की जानकारी चुराकर उनका दुरुपयोग करते हैं. लोगों की व्यक्तिगत जानकारी चुराकर लोगों को धमकी देकर या ब्लैकमेल करके पैसे ऐंठते हैं. साइबर अपराधी इंटरनेट बैंकिंग खातों को हैक करके या अन्य तरीकों से धोखाधड़ी करते हैं.

### हेल्पलाइन जारी...

- ठाणे पुलिस साइबर अपराधों से निपटने के लिए कई उपाय कर रही है, जैसे कि पुलिस ने एक



हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किया है, जिस पर लोग साइबर अपराधों की शिकायत दर्ज करा सकते हैं.

- वहीं ठाणे में एक नया साइबर पुलिस स्टेशन खोला गया है, जो साइबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष रूप से काम करेगा. पुलिस लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है.
- यदि आप साइबर अपराध का शिकार होते हैं, तो आप 1930 पर कॉल करके या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं.

# अवैध शराब की भट्टी को पुलिस ने किया ध्वस्त

- 1.5 लाख रुपये के सामान के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत चिंचपाड़ा गांव के पास गणेश विसर्जन झील के बगल में झाड़ियों में एक गुप्त शराब अड्डे को विट्ठलवाड़ी पुलिस द्वारा एक अभियान में नष्ट कर दिया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1.66 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब बनाने के लिए आवश्यक सामग्री जब्त की। घटनास्थल पर मौजूद आरोपी राजा मौर्य को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

विट्ठलवाड़ी अपराध शाखा जांच दल को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने चिंचपाड़ा गांव के पास गणेश विसर्जन झील के बगल में एक जींस फैक्ट्री के पीछे खुली जगह में गावठी शराब बनाने के लिए आवश्यक सामग्री जमा कर रखी है। पुलिस ने तुरंत एक टीम गठित कर घटनास्थल पर छापा मारा। इस स्थान पर झाड़ियों में छिपाकर रखे गए शराब बनाने के लिए आवश्यक रसायन, दो लोहे के ड्रम, दो प्लास्टिक के ड्रम, स्टील की टंकियां, पाइप और भट्टी के लिए आवश्यक अन्य सामग्री सहित कुल 1 लाख 66 हजार 550 रुपये का अवैध सामान जब्त किया गया। इस समय मौजूद राजा मौर्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

उनके खिलाफ महाराष्ट्र मद्यनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह अभियान पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल के मार्गदर्शन में चलाया गया। इस कार्रवाई से उल्हासनगर क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# अंबरनाथ राशन दुकानदारों से 3 महिने का राशन लें कार्डधारक

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ की सभी राशन दुकानों से 3 महिने का राशन एक साथ दिया जा रहा है. उसका राशन कार्ड धारकों ने लाभ उठाए. ऐसा आह्वान राशनिंग कार्यालय क्र. 46 फ के अधिकारी पाटसुटे ने किया है. उन्होंने बताया कि इस जून महिने में जून, जुलाई और अगस्त 2025 अन्न धान्य इसी महिने में एकत्रित वितरित किया जा रहा है. किसी दुकानदार के पास राशन का स्टॉक कम होने के कारण दो महिने का वह राशन दे रहा है. तीसरे महिने का भी राशन उन्हें जल्द मिलेगा. पाटसुटे ने कहा है कि किसी दुकानदार के बारे में शिकायत है तो उसकी शिकायत उनके पास की जाए. राशन कार्ड के संबंध में अगर राशन कार्ड पर नाम बढ़ाना, कम करना व अन्य कामों के लिए किसी भी एजेंट से सम्पर्क ना करे. स्वतः उनसे कार्यालय में भेंट करने के लिए उन्होंने कहा है. उन्होंने ये भी बताया कि तीन महिने का राशन लेते समय ये जरूर देख लें कि उन्हें पूरे तीन महिने का राशन दिया गया है या नहीं.

# कैम्प-5 में नाले पर बना पुल गिरा

- घटना CCTV में कैद
- युवती हादसे में बाल-बाल बची
- 500 से अधिक लोगों के घरों का रास्ता बंद
- नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन किया



**उल्हासनगर.** भारी बारिश के दौरान उल्हासनगर-5 के गणेशनगर इलाके में नाले पर बना पुल पूरी तरह से ढह गया। दुर्घटना का भयावह दृश्य सीसीटीवी में कैद हो गया और सौभाग्य से पुल पार कर रही एक महिला और एक छोटे बच्चे की जान बाल-बाल बच गई। गणेशनगर क्षेत्र में एक पुल के ढह जाने के बाद 500 से अधिक घरों तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता बंद हो गया है।

इस घटना से क्षेत्र में भय और गुस्से का माहौल पैदा हो गया है। स्कूली बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और बीमार मरीज सभी फंसे हुए हैं और मनपा द्वारा अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। पिछले कई वर्षों से इस पुल की स्थिति खतरनाक बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने बार-बार उल्हासनगर मनपा से नया पुल बनाने की मांग की थी। विरोध, बयानों और आवेदनों के बावजूद प्रशासन ने इन मांगों को नजरअंदाज कर दिया। पुल के ढह जाने के बाद गुस्साए नागरिकों ने प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया, वे ढह चुके पुल पर बैठ गए और रोने लगे। निवासियों ने अपना गुस्सा व्यक्त करते हुए कहा, यह कोई दुर्घटना नहीं है, बल्कि एक अयोग्य प्रशासन द्वारा हम पर थोपी गई सजा है।

## साइबर अपराधियों ने सस्ता फ्लैट दिलाने के नाम पर 1.07 करोड़ ठगे

**मुंबई.** साइबर धोखाधड़ी के एक चौंकाने वाले मामले में, मुंबई के दादर इलाके के एक 43 वर्षीय व्यक्ति को साइबर अपराधियों ने शहर में एक सस्ता फ्लैट दिलाने का वादा करके 1.07 करोड़ रुपये की ठगी की। मुंबई साइबर सेल ने ठाणे जिले के बदलापुर पूर्व से संयम देवमणि पांडे (36) नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया। साइबर सेल की शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी ने नवंबर 2018 से नवंबर 2024 के बीच विभिन्न बहानों के तहत 215 अलग-अलग लेन-देन करके पीड़ित को ठगा।

आरोपी ने पाटिल को विश्वास दिलाया कि वह उसे कम कीमत पर फ्लैट दिलाने में मदद कर सकता है और व्यक्तिगत विवरण मांगने वाले एक फॉर्म का लिंक भेजा।

## उल्हासनगर में अवैध रूप से यात्री परिवहन करने वाले

# रिक्शा चालकों पर ठोंका 10 हजार का जुर्माना

- कोर्ट के आदेश पर 2 हजार रुपए किया गया जुर्माना

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में रिक्शा चालकों द्वारा यात्रियों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। शनिवार और रविवार को यातायात पुलिस निरीक्षक मनीषराजे पठाने के नेतृत्व में एक टीम ने 10 ऑटोरिक्शा के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की। इस अभियान में कुछ रिक्शा जब्त किये गये तथा प्रत्येक से 10,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। चूंकि जुर्माने की राशि अधिक थी,





इसलिए रिक्शा चालक उल्हासनगर यातायात शाखा के सामने एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया।

रमाकांत चव्हाण रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी अप्पा कुलकर्णी, विक्की भुल्लर, राजेंद्र चौधरी, मिन्टी भाई और बाला श्रीखंडे ने परिवहन शाखा का दौरा किया और की गई कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान कुछ देर के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया और विवाद भी उत्पन्न हो गया।

अप्पा कुलकर्णी ने कहा कि 10 हजार रुपये का जुर्माना बहुत बड़ी रकम है। रिक्शा चालक गरीब हैं और यह उनके प्रति एक तरह का अन्याय है। उन्होंने कहा कि वह लोकतांत्रिक तरीकों से विरोध प्रदर्शन करके इस जुर्माने को कम करने का प्रयास करेंगे।

- रिक्शा यूनियन के प्रयास सफल

जिसके बाद रमाकांत रिक्शा चालक संघ ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कोर्ट ने 10 हजार रुपए के जुर्माने को घटाकर 2 हजार रुपए कर दिया. जिससे रिक्शा चालकों को राहत मिली है.

परिवहन विभाग यात्रियों की सुरक्षा के लिए रिक्शा परिवहन में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहा है और संकेत हैं कि आने वाले दिनों में इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# गड्ढे के कारण दोपहिया सवार दम्पति दुर्घटनाग्रस्त





**उल्हासनगर.** शहर की सड़कों पर गड्ढे कितने खतरनाक हो सकते हैं, इसका उदाहरण उल्हासनगर के 17 सेक्शन क्षेत्र में देखने को मिला। एक दोपहिया वाहन पर अपने बच्चे के साथ जा रहे एक दम्पति की बाइक सड़क पर बने एक गड्ढे में फिसल गई और वे तीनों सड़क पर गिर गए। सौभाग्यवश, वाहन की गति कम होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ. हालांकि, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिससे एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं।

दम्पति अपने छोटे बच्चे के साथ दोपहिया वाहन पर सवार होकर उल्हासनगर के कल्याण-बदलापुर रोड स्थित 17 सेक्शन क्षेत्र से जा रहे थे। गड्ढे के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिर गए। बच्चा मां की गोद में था, लेकिन सौभाग्य से कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जैसे ही इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, नागरिकों में गुस्से की लहर भड़क उठी। वाहन चालकों के बीच यह मांग बढ़ रही है कि मनपा के अधिकारियों को इन सड़कों पर स्वयं अपने वाहन चलाने चाहिए ताकि वे जनता की कठिनाई और पीड़ा को समझ सकें।

# अंबरनाथ में 2-3 दिन तक लोगों को पानी नहीं

- मजीप्रा कार्यालय का घेराव किया जाएगा
- राकांपा (अप) ने दिया निवेदन



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के बुवापाड़ा, बालाजी नगर, चिंचपाड़ा, उलन चाल में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं. दो से तीन दिनों तक लोगों को पानी नहीं मिल रहा है. अनियमित जलापूर्ति के कारण कभी सुबह तो कभी देर रात गए लोगों को पानी मिल रहा है.

राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस (अप) के जिला उपाध्यक्ष एड. विनय कुमार रमाकांत मिश्रा ने मजीप्रा के अधिकारियों को निवेदन देकर कहा है कि अगर 7 दिनों के भीतर जलापूर्ति नियमित एवं रोजाना लोगों को नहीं दी गई तो मोर्चा निकालकर मजीप्रा कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे.

शहर पश्चिम के कई परिसर में गत दो वर्षों से लोग पानी के लिए परेशान हैं. रात-रात भर पानी आने की प्रतीक्षा में लोग जाग रहे हैं. मजीप्रा को निवेदन देने के बाद अधिकारी एक-दो दिन तक उस परिसर में जलापूर्ति ठीक ढंग से करते हैं. बाद में फिर से लोगों को दो से तीन दिनों तक पानी नहीं दिया जाता है. विनय मिश्रा ने अधिकारियों से कहा है कि वह यह सब चालकेट देना बंद करे और लोगों को एक समय फिक्स कर के समय पर रोजाना पानी दे. नहीं तो वह जबरदस्त आंदोलन छेड़ देंगे. मजीप्रा अधिकारियों ने शहरवासियों को परेशान करना बंद करे, ऐसा विनय का कहना है. निवेदन देते समय शहर युवक अध्यक्ष रमेश बाजरी, महिला अध्यक्षा प्रेमा केंगार, महिला, युवक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ ठाकरे समूह आक्रामक

**कल्याण.** शिवसेना (उबाठा) के पदाधिकारियों ने कल्याण पश्चिम के योगीधाम क्षेत्र में एक सोसायटी में विरोध की अवहेलना कर मीटर बदलने वाले महावितरण के कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई है। शिवसैनिकों का रुद्रावतार देखकर महावितरण के कर्मचारी काम छोड़कर चले गए। महावितरण ने कल्याण पश्चिम के गौरीपाड़ा योगीधाम क्षेत्र में कैलाश होम्स सोसाइटी में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू किया। इस बार नागरिकों ने इन कर्मचारियों का विरोध किया। हालांकि, कर्मचारियों ने मीटर बदलना जारी रखा. इससे नाराज नागरिकों ने शिवसेना ठाकरे गुट के पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी। युवा सेना पदाधिकारी गणेश नाइक तुरंत मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से पूछताछ की। हालांकि, नाइक को गुस्सा आया कि कर्मचारी उनकी बात नहीं सुन रहे थे, इसलिए उन्होंने अन्य कर्मचारियों में से एक को थप्पड़ मार दिया.

# स्कूल के पहले दिन फूल देकर बच्चों का स्वागत

- मुख्याधिकारी, शिक्षकों ने स्कूल 1 और 13 के बच्चों का स्वागत किया

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में स्कूल शुरू होने के पहले दिन मुख्याधिकारी एवं पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख और उनके सहकारियों ने स्कूल क्र. 1 और 13 के प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों का फूल और पाठ्य पुस्तक देकर स्वागत किया. सरकारी आदेशानुसार छुट्टियों के बाद स्कूल शुरू होने के बाद स्कूली बच्चों को स्कूल शिक्षण में रुचि हो इसके लिए पहले दिन बच्चों का फूल देकर स्वागत किया जाता है. स्कूली बच्चे भी खुश दिखाई दिए. स्कूल के मुख्याध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे. मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने पत्रकारों को बताया कि स्कूली छुट्टियों के बाद स्कूल का सत्र शुरू होने के पहले दिन हमने बच्चों का स्वागत किया और स्कूल की किताबें भी वितरित की गई हैं. उस समय शिक्षणाधिकारी भी उपस्थित थी. अब्दुल शेख ने भी बताया कि स्कूल को डिजिटल तरीके से बनाया गया है. ऐसे लग रहा था जैसे कि ये सरकारी स्कूल नहीं बल्कि एक निजी कान्वेंट स्कूल है. नपा स्कूल नं. 1 और 13 की दोमंजिला नवनिर्मित इमारत में ये कार्यक्रम किया या. उस समय श्रीनिवास वाल्मीकि, पवन वालेकर, शैलेष भोईर, अजिंक्या पाटिल, सुनिल चौधरी, नपा के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# विमान हादसे के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अहमदाबाद में हुए हवाई जहाज दुर्घटना में 241 मुसाफिरों की जान चली गई, लेकिन प्लेट में टिकट नं. 11ए पर बैठा व्यक्ति विश्वास की जान बच गई. भगवान ऐसी दुर्घटना के समय 11ए सीट पर बैठे मुसाफिर की तरह सबकी जान बचाए. अंबरनाथ व्यापारी संघ एवं सर्वपक्षीय शोकसभा में उपस्थित मान्यवरों ने अपने विचार व्यक्त किए.



अंबरनाथ पूर्व रोटरी क्लब सभागृह में अहमदाबाद हवाई जहाज दुर्घटना में मारे गए लोगों एवं मुंब्रा में लोकल ट्रेन दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इस शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें ये भी कहा गया कि सुबह और शाम में लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई गई तो लोग दरवाजे के बाहर लटक कर सफर नहीं करेंगे और मुंब्रा जैसी भयानक दुर्घटना नहीं होगी. उपस्थित मान्यवरों ने ये भी कहा कि जिंदगी का कोई भरोसा नहीं कि कब मौत आ जाए. इसलिए सभी ने आपसा मोहब्बत को बढ़ावा देकर जीवन बिताएं. शोकसभा में भाजपा के सचिव अभिजीत करंजुले, शिवसेना का निखिल वालेकर, मनसे के शैलेष शिर्के, राकांपा के सचिन पाटिल, साबे काका राकांपा (अप) के कमलाकर सूर्यवंशी, अप्पा मालुसरे, कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा पाटिल, रोहित प्रजापति, चंद्रकांत मोटे, शिवसेना महिला अध्यक्षा कांचन मिश्रा, सुभाष सालुंखे, प्रज्ञा बनसोडे, नौमी बेसटन, व्यापारी हितेश कोठारी, यूसुफ शेख, जयंती नागडा, सुजाता भोईर आदि ने अपने विचार व्यक्त किए. व्यापारी अध्यक्ष खानजी धल के प्रयास से कार्यक्रम सफल रहा. कैट के सचिव सुरेश भाई ठक्कर भी उपस्थिते थे. एक मिनट मौन खड़े होकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. सूत्र संचालन स्वप्निल बागुल ने किया.

# भारी बारिश के बीच सड़कों का डामरीकरण

- मनपा प्रशासन का अजीब कामकाज



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका ने लगातार हो रही बारिश के बावजूद शहर की सड़कों पर डामरीकरण का काम जारी रखा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। मनसे ने आरोप लगाया है कि बारिश में डामर डालकर सड़कों की 'मरम्मत' करने का मनपा का प्रयोग नागरिकों के जीवन और करदाताओं के पैसे के साथ खिलवाड़ है।

उल्हासनगर कैंप 3 में फालोवर लाइन चौक और सेंट्रल हॉस्पिटल के बीच मुख्य सड़क हर साल गड्ढों की समस्या बन जाती है। शहर के नागरिक भी इस सड़क पर डामरीकरण को लेकर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। यह धन की जानबूझकर की गई बर्बादी है।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के युवा नेता मुकेश सेठपलानी ने इसका कड़ा विरोध व्यक्त किया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बारिश में डामर बिछाकर काम करना सीधे तौर पर धन की बर्बादी है। मनसे ने चेतावनी दी है कि अगर यह काम तुरंत नहीं रोका गया तो वह सड़कों पर उतरकर काम रुकवा देगी। मुकेश सेठपलानी के अनुसार, ऐसे समय में जब पूरे शहर में सड़कों की खुदाई चल रही है, नागरिकों को वाहन चलाने और पैदल चलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट आरोप लगाया कि बारिश में डामर बिछाना ठेकेदारों और अधिकारियों का चतुराईपूर्ण गठजोड़ है और इससे किसी को टिकाऊ सड़क नहीं मिलेगी।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## एक और युद्ध के मंडराने लगे हैं बादल

पश्चिम एशिया में दो धुर-विरोधी देश आमने-सामने हैं। ईरान पर इजराइल के भीषण हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से एक और युद्ध के बादल मंडराने लगे हैं। दरअसल, इजराइल को लगता है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम उसके अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा है। जबकि ईरान का दावा है कि यह नागरिक उद्देश्य के लिए है। मगर, बताया जा रहा है कि ईरान ने इस स्तर तक यूरेनियम संवर्धित कर लिया है कि वह अब परमाणु बम बनाने की स्थिति में है।

इजराइल का दावा है कि इसी खतरे को ध्यान में रखते हुए हमला किया गया। अब सवाल यह है कि क्या ईरान सचमुच परमाणु बम बनाने में सक्षम हो गया है? बहरहाल, तमाम आशंकाओं के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों को जिस तरह निशाना बनाया, जाहिर है ईरान की ओर से भी जवाबी कार्रवाई होनी थी और ऐसा हुआ भी। इससे अब दुनिया में एक और बड़े युद्ध की संभावना बढ़ गई है। इजराइल के हमले में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य अधिकारियों सहित कई वैज्ञानिकों की मौत हो गई। यह उसके लिए बड़ा झटका है। दोनों देशों के नेताओं के आक्रामक बयानों से पूरी दुनिया में चिंता की लकीरें खिंच गई हैं।

### अपना परमाणु कार्यक्रम बढ़ाने में जुट गया ईरान

ईरान ने कहा है कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। उधर, अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है। ईरान से परमाणु समझौते से अलग होने के बाद उसे उम्मीद थी कि वह दबाव में आएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ईरान उल्टे अपना परमाणु कार्यक्रम बढ़ाने में जुट गया। ऐसे में अमेरिका के सामने यह चुनौती तो रहेगी कि वह मध्य पूर्व क्षेत्र में तैनात अपने सैनिकों को सुरक्षित कैसे रखे। उधर, इजराइल का इरादा ईरान के परमाणु कार्यक्रम स्थलों को पूरी तरह ध्वस्त कर देने का है।


उन्हीं ठिकानों पर पिछले दिनों उसने हमले भी किए। भारत इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए है। इन दोनों देशों से भारत के रिश्ते हैं। ऐसे में भारत की यह सलाह उचित है कि दोनों देशों को तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीतिक माध्यम का इस्तेमाल करना चाहिए।

# ईरान-इजरायल युद्ध में भारत को अपनाने होंगे कूटनीतिक विकल्प

ईरान पर इजरायल के हमले और फिर ईरान की जवाबी कार्रवाई ने पश्चिम एशिया में तनाव को और भड़का दिया है। पहले इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों और विज्ञानियों को निशाना बनाया तो जवाब में ईरान ने तेल अवीव सहित कई बस्तियों पर खतरनाक हमले किए। यह हिंसक टकराव किस मोड़ पर और कब तक समाप्त होता है, उसे लेकर तो अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन इतना तय है कि इसने भारतीय विदेश नीति के समक्ष एक बड़ी दुविधा उत्पन्न कर दी है।

इजरायल के साथ भारत के रक्षा से लेकर तकनीक तक व्यापक हित जुड़े हुए हैं। वहीं, ईरान के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। भारत में करोड़ों शिया मुस्लिम रहते हैं और ईरान को शिया समुदाय का वैश्विक नेता माना जाता है। इसके अतिरिक्त, ईरान ऊर्जा संसाधनों से भी संपन्न है। चाबहार बंदरगाह की क्षमताओं को पूरी तरह भुनाए न जा सकने के बावजूद वह कनेक्टिविटी की एक अहम कड़ी है।

इस मामले से कई और महत्वपूर्ण पहलू भी जुड़े हुए हैं। खाड़ी देशों में भारत के सामरिक, आर्थिक एवं वाणिज्यिक हित जुड़े हुए हैं। इसी कड़ी में संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभरा है। कुवैत, कतर और यूएई के अलावा सऊदी अरब तेल एवं गैस के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि इन देशों में करीब 90 लाख भारतीय अपनी आजीविका के लिए बसे हुए हैं। रेमिटेंस के जरिये वे देश के प्रति अहम आर्थिक योगदान कर रहे हैं।



ऐसे में भारत के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि यह तनाव इन देशों तक नहीं फैले। किसी इलाके में अगर हिंसा भड़की हुई हो तो वहां से लाखों लोगों को निकालना एक कड़ी चुनौती बन जाती है। इसलिए इस हिंसक टकराव का जल्द से जल्द थमना ही उचित होगा। इस बीच ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका, ब्रिटेन या फ्रांस उसके हमलों से इजरायल को बचाने के लिए आगे आते हैं तो वह क्षेत्र में इन देशों के हितों को निशाना बना सकता है।

परिस्थितियों को भांपते हुए भारत ने हाल में एक विवेकसम्मत बयान जारी किया। विदेश मंत्रालय ने इस टकराव पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत हालात पर नजर बनाए हुए है। दोनों पक्षों से संयम बरतने की सलाह देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा, 'दोनों पक्षों को टकराव बढ़ाने से परहेज करना चाहिए। मुद्दों को सुलझाने और स्थिति को शांत करने के लिए संवाद और कूटनीति के मौजूदा चैनलों का उपयोग किया जाना चाहिए। भारत के दोनों देशों से मित्रवत संबंध हैं और वह कोई भी सहायता करने के लिए तत्पर है।' इजरायल ने जिस दिन हमला किया उसी दिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर अपनी कार्रवाई से अवगत कराया। वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इजरायल और ईरान के विदेश मंत्रियों से बात की।

बहुस्तरीय मंचों पर भी भारत इस समय ईरान या इजरायल में से किसी एक पक्ष के पीछे नहीं खड़ा हुआ है। शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ द्वारा 14 जून को जारी बयान में भारत ने यही रुख अपनाया। एससीओ ने बहुत कड़े शब्दों में इजरायली हमले की निंदा की। ईरान भी एससीओ का एक सदस्य है। बयान में कहा गया कि ईरान का नागरिक बुनियादी ढांचा, जिसमें ऊर्जा एवं परिवहन सुविधाएं भी शामिल हैं, पर इजरायली हमले से कई नागरिकों की मौत हुई। यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन एवं वैश्विक शांति एवं सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कदम है। दिलचस्प बात यह रही कि एससीओ के बयान में ईरान के परमाणु कार्यक्रम का भी उल्लेख था। इस संदर्भ में उसका यही कहना था कि ऐसे मामले शांतिपूर्ण कूटनीतिक एवं राजनीतिक माध्यमों के जरिये सुलझाए जाने चाहिए। इस समय चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, ईरान और मध्य एशियाई गणतंत्र (तुर्कमेनिस्तान को छोड़कर) एससीओ के सदस्य हैं। स्पष्ट है कि चीन और रूस ने मजबूती से ईरान का पक्ष लिया है, जबकि भारत उनके इस रुख से अपना कोई सरोकार नहीं रखना चाहता। इसीलिए विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष से कहा कि यह घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए घोर चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि तनाव को और भड़काने के बजाय जल्द से जल्द कूटनीतिक स्तर पर प्रयास किए जाएं।





जब हम ध्यानाभ्यास करते हैं, तो हम अधिक व्यावहारिक निर्णय लेने के काबिल बन जाते हैं क्योंकि हम जीवन को एक उच्चतर दृष्टिकोण से देखने लगते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# दुर्घटना से सीख नहीं ले रहा शासन-प्रशासन

अहमदाबाद में पिछले सप्ताह एअर इंडिया का एक विमान उड़ाने भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद बीते रविवार को केदारनाथ के पास श्रद्धालुओं को लेकर आ रहा हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई। उसी दिन 242 हज यात्रियों को लेकर जेद्दा से लखनऊ पहुंचे सऊदी एअरलाइंस के एक विमान के उतरते समय उसके पहियों से धुआं निकलने की घटना हुई। सोमवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एअर इंडिया के एक विमान को तकनीकी खराबी के कारण वापस हांगकांग जाना पड़ा।

इन सभी घटनाओं ने हवाई यात्रा की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या उड़ान परिचालन के नियमों और दिशा-निर्देशों में कहीं कोई खामी है या फिर इनका पालन करने में कोताही बरती जा रही है? इस तरह के हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार से लेकर विमानन कंपनियों की ओर से धरातल पर पुख्ता बंदोबस्त क्यों नहीं किए गए हैं?

### हादसे ने सवालों को बना दिया है और गंभीर

उत्तराखंड में केदारनाथ के पास गौरीकुंड में हुए हेलिकाप्टर हादसे ने इन सवालों को और गंभीर बना दिया है। इस हेलिकाप्टर का संचालन कर रही कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। पुलिस में दर्ज मामले में कहा गया है कि हेलिकाप्टर के संचालन के लिए सुबह छह से सात बजे तक का प्रथम स्लाट आबंटित किया गया था, जबकि यह दुर्घटना उससे पहले ही सुबह साढ़े पांच बजे हुई है। अगर यह दावा सही है, तो साफ है कि हेलिकाप्टर ने तय समय से पहले ही उड़ान भर ली थी।



उस दिन सुबह से ही धुंध छाई हुई थी और उड़ान भरने से पहले मौसम की स्थिति को ठीक से नहीं जांचा गया। कोई दोराय नहीं है कि चारधाम यात्रा के लिए हेलिकाप्टर सेवाएं श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक हैं। खासकर बच्चों व बुजुर्गों को, जिनके लिए यह यात्रा मुश्किल भरी होती है। मगर, हवाई यात्रा को सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी राज्य व केंद्र सरकार पर भी है। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे के बाद कहा कि चारधाम में सेवा दे रहे पायलटों के हिमालयी क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी।

### लगातार हो रही घटनाएं

मगर, सवाल यह है कि कोई बड़ा हादसा होने से पहले ही एहतियाती तौर पर इस तरह के इंतजाम क्यों नहीं किए जाते। इस साल चारधाम मार्ग पर हादसे या हेलिकाप्टर को आपात स्थिति में उतारने की यह पांचवीं घटना है। इससे पहले आठ मई को उत्तरकाशी के गंगनानी में निजी कंपनी का हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी।

ऐसी ही एक भयावह घटना रविवार को महाराष्ट्र के पुणे में हुई, जहां इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल ढह गया। इस पुल को जिला प्रशासन ने खतरनाक घोषित किया था और चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए थे। पर क्या सिर्फ चेतावनी बोर्ड लगाने से सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी पूरी हो जाती है? अगर वह जीर्णावस्था में था, तो पर्यटकों के वहां जाने पर पूर्ण रोक क्यों नहीं लगाई गई। किसी भी स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी न हो।

# यमराज और चित्रगुप्त ने किया सड़क पर किया हिसाब

**जरा हट के**

हिंदू धर्म में मृत्यु के देवता यमराज बताए गए हैं और चित्रगुप्त वह देव हैं जो लोगों के कर्मों का हिसाब किताब रखते हैं.वहीं यमराज को बताते हैं कि किसी व्यक्ति का समय अब पूरा हो गया है. सड़कों पर वाहन चलाते समय लापवही बहुत से लोगों को जान ले लेती है. ऐसे में पुलिस लोगों को हेलमेट पहनने की सलाह देती है. इसके लिए कानून भी बने हुए हैं. लेकिन धौलपुर पुलिस लोगों को जागरूक करने के लिए अनूठा तरीका अपनाया और यमराज और चित्रगुप्त के किरदारों की मदद ली.

हेलमेट ना पहनना या गलत हेलमेट पहनना भी जानलेवा हो सकता है. इस तथ्य की गंभीरता को समझना बहुत जरूरी है. आमतौर पर कई लोग हेलमेट पहनने को एक झंझट मान कर चलते हैं. ऐसे लोगों के लिए ही कानून हैं. लेकिन यह भी सच है कि पुलिस हर जगह उन पर नजर नहीं रख सकती है. ऐसे में में इस वीडियो में एक अनूठी पहल दिखाई देती है. यमराज और चित्रगुप्त अपने तरीके से लोगों को समझाते दिख रहे हैं.



वीडियो में एक गाड़ी के पास यमराज और चित्रगुप्त खड़े हैं और एक शख्स हेलमेट पहने गाडी पर है. यमराज कहते हैं कि ट्रैफिक पुलिस वालों को तो पागल बनाया. देखें अब कब तक बचेगा तू. चित्रगुप्त जी देखिए इसका कितना और क्या टाइम है? इस पर चित्रगुप्त एक फाइल में कुछ देखने के बाद कहते हैं कि इनके पास दस मिनट का ही समय बचा है... इस पर शख्स कहता है कि सर मैंने तो हेलमेट पहना ही हुआ है.

### क्यों है खतरे में जान?

यहां यमराज उसका हेलमेट हाथों से ही तोड़ देते हैं और कहते हैं ये अपनी सुरक्षा खुद नहीं है. फिर चित्र गुप्त कहते हैं कि हम तो आपको ढूंढ रहे हैं आपके पास दस मिनट बचे हैं. वीडियो को इंस्टाग्राम पर रंजीत दिवाकर ने अपने अकाउंट @ranjeet.diwakar.10 से शेयर किया है. वीडियो पर कैप्शन में लिखा है, "सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025" लिखा है. वीडियो को अब तक 12 लाख व्यूज़ मिल चुके हैं.

# मसाला खिचड़ी




आज हम आपके लिए लेकर आए हैं एक ऐसी लाजवाब रेसिपी, जो आपकी दोनों इच्छाओं को पूरा करेगी। जी हां, हम बात कर रहे हैं– मसाला खिचड़ी की, जो सिर्फ पेट भरने वाला भोजन नहीं, बल्कि स्वाद से भरपूर और पोषक तत्वों का खजाना है।

**सामग्री :**

- चावलः 1 कप
- दालः 1/2 कप
- प्याजः 1 मध्यम आकार का
- टमाटरः 1 मध्यम आकार का
- हरी मिर्चः 1-2,
- अदरक-लहसुन का पेस्टः 1 चम्मच
- गाजर, मटर, बीन्सः 1/2 कप मिक्स सब्जियां
- घी/तेलः 2 बड़े चम्मच

**विधि :**

सबसे पहले चावल और दाल को अलग-अलग धोकर 15-20 मिनट के लिए भिगो दें। इससे वे जल्दी पकेंगे। इसके बाद एक प्रेशर कुकर या मोटे तले के पैन में घी या तेल गरम करें। गरम होने पर जीरा डालें और इसे चटकने दें। अब बारीक कटा प्याज डालें और सुनहरा होने तक भूनें। फिर



अदरक-लहसुन का पेस्ट और हरी मिर्च डालकर एक मिनट के लिए और भूनें। अगर आप सब्जियां डाल रहे हैं, तो अब उन्हें डालें और 2-3 मिनट के लिए भूनें। फिर कटा हुआ टमाटर डालकर नरम होने तक पकाएं। फिर हल्दी, धनिया, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं और एक मिनट के लिए धीमी आंच पर भूनें। अब भिगोए हुए चावल और दाल को पानी निकालकर कुकर में डालें। अच्छी तरह मिलाएं और 3-4 कप पानी डालें।

कुकर का ढक्कन बंद करें और 2-3 सीटी आने तक या चावल-दाल के अच्छी तरह गल जाने तक पकाएं। अगर आप पैन में बना रहे हैं, तो ढक्कन लगाकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि चावल-दाल पक न जाएं और पानी सूख न जाए। बीच-बीच में चलाते रहें।

बस फिर आखिर में, गैस बंद कर दें और कुकर की भाप निकलने दें। कुछ देर बाद ढक्कन खोलें और ऊपर से बारीक कटा हरा धनिया डालकर गरमागरम परोसें।

# टैबलेट और स्मार्टफोन बन रहे हैं बचपन के दुश्मन

बचपन में आपने टॉय स्टोरी मूवी तो देखी होगी। इसमें खिलौनों और बच्चों के बीच के खास रिश्ते को दिखाया है। अपने खिलौनों के साथ बच्चों का खास कनेक्शन होता था। वे अपना ज्यादा से ज्यादा समय अपने खिलौनों के साथ बिताना चाहते थे।

आप भी अपने बचपन में अपने खिलौनों के खूब प्यार करते होंगे। लेकिन आजकल के बच्चों में ऐसा देखने को नहीं मिलता। बच्चे अब खिलौनों के साथ कम खेलना पसंद करते हैं और अपना ज्यादा समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ बिताना पसंद करते हैं ।

ये एक बेहद संजीदा मुद्दा है, जिसके बारे में टॉय स्ट्रोरी सीरिज की 5वीं मूवी (Toy Story 5) में भी ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, इस फिल्म में विलेन एक टैबलेट है, जिसके साथ बच्चा ज्यादा समय




बिता रहा है और अपने खिलौनों को अनदेखा कर रहा है।

असल जिंदगी में भी आजकल ठीक ऐसा ही हो रहा है। लेकिन यह स्थिति काफी गंभीर है। यह न केवल उनके फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए हानिकारक है, बल्कि उनके सोशल और इमोशनल डेवलप्मेंट को भी प्रभावित कर रही है। आइए जानें बच्चों में बढ़ते स्क्रीन टाइम के नुकसान।

### फिजिकल हेल्थ पर असर

इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों की फिजिकल हेल्थ को नुकसान पहुंचा रहा है। लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठे रहने से उनकी आंखों पर दबाव पड़ता है, जिससे आंखों में जलन, धुंधला दिखाई देना और मायोपिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इसके अलावा, गैजेट्स के ज्यादा इस्तेमाल से बच्चों की फिजिकल एक्टिविटीज कम हो जाती हैं, जिससे मोटापा, कमजोर हड्डियां और मांसपेशियों की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। फिजिकल एक्सरसाइज की कमी से उनकी इम्युनिटी भी कमजोर होती है, जिससे वे ज्यादा बीमार पड़ सकते हैं।

### मेंटल हेल्थ को नुकसान

इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों की मेंटल हेल्थ के लिए भी हानिकारक साबित हो रहा है। जो बच्चे ज्यादा समय तक स्मार्टफोन या वीडियो गेम्स का इस्तेमाल करते हैं, उनमें एंग्जायटी, डिप्रेशन और फोकस की कमी जैसी समस्याएं देखी जाती हैं।

सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम्स की लत उन्हें असल दुनिया से दूर कर देती है, जिससे उनका साइकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ सकता है। कुछ बच्चे इस वजह से आक्रामक व्यवहार भी दिखाने लगते हैं, क्योंकि वे हिंसक गेम्स और कंटेंट ज्यादा कंज्यूम करने लगते हैं।

### सोशल और इमोशनल विकास में रुकावट

खिलौने और बाहरी खेल बच्चों के सोशल कॉन्टेक्ट को बढ़ाने में मदद करते हैं, जबकि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स उन्हें अकेलेपन की ओर धकेलते हैं। वे दोस्तों और परिवार के साथ कम समय बिताते हैं और वर्चुअल दुनिया में खो जाते हैं।

इससे उनमें बात-चीतकरने की क्षमता कम होती है और इमोशनल कनेक्शन कमजोर पड़ते हैं। बच्चे हकीकत से दूर होते चले जाते हैं, जो उनकी पर्सनालिटी को विकसित करने के लिए जरूरी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**वृषभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मिथुन :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क :** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कन्या :** धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**तुला :** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। अतिविश्वास न करें।

**धनु :** भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर :** आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दु:खद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है।

**कुंभ :** पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। घर में तनाव रह सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बिना प्यास पानी और बिना भूख खाना, बीमारियां भर देगा शरीर में

आज हम आपको कुछ ऐसी बातें बताने जा रहे हैं, जिनके बारे में जानना जरूरी है. पानी का हमारे जीवन में सबसे अहम रोल है. जीवित रहने के लिए व्यक्ति को पानी चाहिए. पानी के साथ-साथ भोजन की जरूरत भी पड़ती है. लेकिन क्या आपको पता है कि बिना प्यास लगे पानी पीना और बिना भूख लगे खाना खाना बीमारियों को न्योता देता है. प्यास लगने पर पानी न पीना और भूख लगने पर खाना न खाना भी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है. यह हम नहीं बल्कि आयुर्वेद कहता है. आयुर्वेद में पानी को "अमृत" माना जाता है. इसे सही तरीके से पीने से स्वास्थ्य को लाभ होता है. जबरदस्ती पानी पीने या बहुत अधिक पानी पीने से बचना चाहिए क्योंकि इससे शरीर में असंतुलन पैदा कर सकता है.



### ऐसा मेकैनिज्म

आयुर्वेद में भूख को "जठराग्नि" के रूप में जाना जाता है, जो पाचन की अग्नि है. जब जठराग्नि प्रज्वलित होती है, तो इसका मतलब है कि शरीर को भोजन की आवश्यकता है. यदि आप भूख लगने पर नहीं खाते हैं, तो यह जठराग्नि को कमजोर कर सकता है और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है. सहारनपुर के आयास आयुर्वेदिक चिकित्सालय से बीएएमएस, एमडी डॉ. हर्ष कहते हैं कि परमात्मा ने हमारे शरीर में एक ऐसा मेकैनिज्म बनाया है, जिसको हम प्यास कहते हैं. प्यास का मतलब है कि हमें पानी की आवश्यकता है. ऐसा ही एक मेकैनिज्म है भूख. बिना भूख के भोजन करना, बिना प्यास के पानी पीना दोनों ही शरीर के लिए बहुत हानिकारक है. उसी तरीके से प्यास लगने पर पानी न पीना और भूख लगने पर खाना नहीं खाना भी शरीर के लिए हानिकारक है. इससे कई प्रकार के रोग पैदा हो सकते हैं.

### ऐसा करना ठीक नहीं

डॉ. हर्ष के अनुसार, अगर आपको प्यास नहीं लगी है फिर भी पानी का सेवन कर रहे हैं तो आपका डाइजेशन सिस्टम कमजोर हो सकता है. भोजन के पाचन करने की क्षमता कम हो सकती है. दस्त लग सकते हैं. ग्रहणी रोग हो सकता है. एनीमिया हो सकता है. लिवर डिसऑर्डर हो सकता है. बिना प्यास के पानी पीना और बिना भूख के भोजन करना आयुर्वेद के हिसाब से ठीक नहीं है.

# पौष्टिक गुणों से भरपूर होते हैं मखाने

### हर दिन खाएंगे तो होंगे ये बड़े फायदे

मखाना स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी होता है. यह एक हल्का, आसानी से पचने वाला खाद्य पदार्थ है और इसमें प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. मखाने को अंग्रेजी में फॉक्स नट्स भी कहते हैं, जानते हैं क्यों? मखाने को फॉक्स नट्स इसलिए कहते हैं, क्योंकि इसका आकार फॉक्स यानि लोमड़ी की तरह होता है. सफेद चेहरे पर एक बिंदु ऐसा जो हूबहू चालाक लोमड़ी की याद दिलाता है.



इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के अनुसार, मखाने का मुख्य रूप से उत्पादन बिहार, असम, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और ओडिशा में उगाया जाता है.

मखाना की पॉपिंग (बीज को छिलके से पॉप करने की प्रक्रिया) मखाने को तैयार करने की प्रक्रिया तीन चरणों में शामिल है. बीज को पारंपरिक मिट्टी के बर्तन में या कच्चे लोहे के पैन में 250° सेल्सियस से 320° सेल्सियस तक उच्च तापमान पर भुना जाता है, 2 से 3 दिनों के लिए तड़के, फिर से भुनकर कर एक मैलेट (लकड़ी का हथौड़ा या मुंगरी) का उपयोग करके हाथ से मखाने को छिलके से अलग किया जाता है. भुनने के बाद हटाने के लिए अत्यधिक कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होती है, क्योंकि हटाने में कुछ सेकंड की देरी से खराब गुणवत्ता वाला पॉप्ड मखाना बन जाएगा.

शोध बताते हैं कि मखाने में मैग्नीशियम और पोटैशियम पाया जाता है, जो कि हृदय स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद पाया जाता है. कम कैलोरी और ज्यादा फाइबर होने से यह भूख को नियंत्रित करता है. अगर आप वजन घटाने के बारे में सोच रहे हैं, तो इसका सेवन कर सकते हैं.

मखाने में मौजूद मैग्नीशियम तनाव कम करके अच्छी नींद लाने में मदद करता है. कैल्शियम की मौजूदगी हड्डियों और दांतों के लिए लाभकारी है. व्रत के दौरान अधिक मात्रा में इनका सेवन करने से बचने की सलाह दी जाती है, हालांकि बड़े बुजुर्ग निसंकोच सेवन की सलाह देते हैं. मखाना एक कम कैलोरी वाला स्नैक है. मखाना भूख कंट्रोल करने में मदद करता है. साथ ही इससे पेट भी भरा-भरा लगता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### नाबालिग बेटे ने उठाया खौफनाक कदम, फावड़े के काट डाला पिता का गला

**मुजफ्फरनगर.** यूपी के मुजफ्फरनगर में एक नाबालिग बेटे ने पिता की गर्दन काटकर हत्या कर दी। पुलिस की पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह पिता की हरकतों से परेशान था। उसके पिता शराब पीने के आदी थे और नशे में धुत होकर आए दिन उससे व घरवालों के साथ मारपीट करते रहते थे। घरवालों के विरोध करने पर भी वह नहीं मानते थे। इससे घर में कलह बनी रहती थी। नाबालिग ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह अपने पिता की हरकतों और मारपीट के डर से रात में घर पर भी नहीं सोता था। वह तभी घर आता था जब उसके पिता घर पर नहीं होते थे। इन सबसे परेशान होकर उसने पिता की हत्या का मन बना लिया था।

### सराफा कारोबारी से 50 लाख की रंगदारी मांगना बदमाश पड़ा भारी, पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर

**कानपुर.** गोविंदनगर के सराफा कारोबारी अनिल कुमार गुप्ता पर गोली चलवाकर 50 लाख की रंगदारी मांगने वाले को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपित के पास से तमंचा भी बरामद किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान आरोपित का साथी मौके से भागने में कामयाब रहा। पुलिस उसी तलाश कर रही है। क्यू ब्लाक गोविंदनगर के रहने वाले अनिल कुमार गुप्ता की बिल्हौर में सेठ रामकुमार गुप्ता ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। आठ जून की रात वह बिल्हौर से घर लौटे, तभी पीछा करते हुए आए अपाचे सवार लुटेरों ने उन पर गोली चलाई थी। हालांकि उन दौरान वह कार की डिग्गी से सामान निकाल रहे थे तो उन्हें सिर्फ धमाका ही सुनाई दिया। उन पर हुए हमले की जानकारी उन्हें तब हुई, जब हमला करवाने ने फोन करके 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। इसके बाद उन्होंने गोविंदनगर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई।

### रिश्ते का कत्ल: दादी की लाठी से पीट-पीट कर पिता ने कर दी हत्या, पोते ने कराई FIR

**रायबरेली.** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में रिश्ते के कत्ल की खबर सामने आई है। यहां खीरो थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात शराबी बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां की लाठी डंडे से पीट-पीट कर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी के बेटे ने अपने पिता के खिलाफ तहरीर देकर दादी की हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है। मौके पर पहुंच पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना खीरो थाना क्षेत्र के बैरी विशाल खेड़ा मजरे सेमरी गांव की है। 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला स्वागा पत्नी स्व.बैजनाथ इसी गांव की रहने वाली है। बुजुर्ग महिला का बेटा 50 वर्षीय गहरेश्वर शराब के नशे का आदी है। वह अक्सर शराब के नशे में घर पहुंचता है। इसी तरह वह सोमवार रात पहुंचा। नशे में धुत था। मां ने शराब पीने को लेकर पूछा तो दोनों के बीच विवाद हो गया। वह अपनी बुजुर्ग मां से झगड़ने लगा। दोनों में कहासुनी बढ़ गई। विवाद के बीच गुस्से में लाठी डंडे से पीट-पीट कर अपनी बुजुर्ग मां की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच किसी ने खबर पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विमान हादसे के बाद 5 दिन में दूसरी अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट कैंसिल

- उड़ान से पहले एअर इंडिया प्लेन में तकनीकी खामी
- एयरलाइन बोली- हमारे पास विमानों की कमी




**अहमदाबाद.** अहमदाबाद में मंगलवार को प्लेन क्रैश की घटना के बाद 5 दिन में अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की लगातार दूसरी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। इसके पीछे तकनीकी खामी को वजह बताया गया है।

आज फ्लाइट संख्या AI-159 अहमदाबाद से दोपहर 1:10 बजे लंदन के लिए उड़ान भरने वाली थी। जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट के टेकऑफ से कुछ घंटे पहले ही इस तकनीकी खराबी का पता चला।

इससे पहले सोमवार को भी अहमदाबाद से लंदन की फ्लाइट रद्द की गई थी। आज की फ्लाइट कल के लिए रिशेड्यूल की जाएगी।


आज की फ्लाइट कैंसिल होने के बाद एक यात्री ने कहा, 'इस तरह से जनता को परेशान मत करो। यहां आने के बाद आप बताते हैं कि फ्लाइट रद्द कर दी गई है। अब 250 लोग क्या करेंगे? कहां रहेंगे। एयरलाइंस की तरफ से कोई उचित व्यवस्था नहीं है।'

### एअर इंडिया की सफाई- तकनीकी खामी नहीं, विमानों की कमी से फ्लाइट कैंसिल हुई

एअर इंडिया ने सफाई दी है कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक की फ्लाइट AI159 को एयरक्राफ्ट की कमी के चलते रद्द किया गया है, न कि तकनीकी खामी की वजह से। एयर स्पेस प्रतिबंधित होने और अतिरिक्त जांच के चलते एयरक्राफ्ट्स को अपनी डेस्टिनेशन तक पहुंचने में ज्यादा वक्त लग रहा है।

एअर इंडिया ने कहा कि आज की फ्लाइट कैंसिल होने से पैसेंजर्स को जो परेशानी हुई है, उसका हमें खेद है। हमने सभी यात्रियों के लिए उड़ान की दूसरी व्यवस्था कर दी है। साथ ही हम उनके होटल में रुकने की व्यवस्था भी कर रहे हैं। अगर कोई यात्री टिकट कैंसिल करना चाहता है, तो हमें पूरा पैसा रिफंड करेंगे। अगर कोई अपनी फ्लाइट रिशेड्यूल कराना चाहता है, तो हम वो भी करेंगे।

# इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा



- 4 दिन पहले ही नियुक्ति हुई थी
- नेतन्याहू बोले- जंग खामेनेई के मारे जाने से खत्म होगी

इजराइल और ईरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। इस बीच ईरान के टॉप सैन्य अधिकारी मेजर जनरल अली शादमानी की एक हवाई हमले में मौत हो गई है। यह जानकारी ईरान की सेना ने दी है। शादमानी ईरान की खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स यानी सैन्य आपात कमान के प्रमुख थे। उन्होंने 4 दिन पहले ही यह पद संभाला था। उन्हें इजराइली हमले में मारे गए मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह यह जिम्मेदारी दी गई थी। राशिद की मौत पिछले शुक्रवार को हुई थी। इस बीच इजराइली PM बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग खत्म करने को लेकर कहा कि अयातुल्ला खामेनेई की हत्या से जंग बढ़ेगी नहीं, बल्कि खत्म होगी। इजराइली हमलों में अब 224 ईरानी मारे जा चुके है, जबकि 1,481 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

# ट्रम्प G7 समिट छोड़कर अमेरिका रवाना

- कहा- मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा, बात उससे कहीं बड़ी
- G7 देशों का इजराइल को समर्थन



**कनाडा.** कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में चल रहे G7 समिट में इजराइल-ईरान तनाव का असर दिख रहा है। समिट के पहले दिन G7 देशों ने इजराइल का समर्थन किया। मंगलवार सुबह साझा बयान में कहा कि इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए।

उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समिट को बीच में छोड़कर अमेरिका रवाना हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते ट्रम्प ने यह फैसला लिया है। इस बीच ट्रम्प ने कहा, 'मैं सीजफायर के लिए वॉशिंगटन नहीं लौट रहा हूं। बात उससे कहीं बड़ी है।'

इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईरान को परमाणु 'समझौते' पर हस्ताक्षर करने चाहिए। ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रख सकता है। मैंने यह बार-बार कहा है! सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए।

### G7 समिट का पहला दिन- 3 वजहों से ट्रम्प चर्चा में

**इजराइल-ईरान विवाद :** जी7 समिट में इजराइल-ईरान संघर्ष रोकने को लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा था। कनाडाई न्यूज वेबसाइट का दावा है कि ट्रम्प इस प्रस्ताव पर साइन नहीं करेंगे। उधर, ट्रम्प ने समिट शुरू होने से पहले कहा कि ईरान यह जंग हार रहा है। उन्होंने बात करने में देर कर दी।

**कनाडा के फ्लैग वाली पिन :** समिट में हिस्सा लेने आए डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका और कनाडा के झंडे वाली पिन अपने कोट पर लगाई। दरअसल, ट्रम्प कनाडा को 51वां राज्य बनाना चाहते हैं। वहीं कनाडा हर बार इसका विरोध करता रहा है।

**रूस के एग्जिट पर :** समिट से पहले ट्रम्प ने कहा- G7 पहले G8 हुआ करता था। बराक ओबामा और ट्रूडो दो ऐसे शख्स थे जो रूस को इसमें शामिल नहीं करना चाहते थे। और मैं कहूंगा कि यह एक गलती थी।

### अमरनाथ यात्रा मार्ग पर 1 जुलाई से नहीं उड़ेंगे ड्रोन

अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार ने पूरे यात्रा मार्ग को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया है। यह फैसला पहलगाम हमले को ध्यान में रखकर लिया गया है। इसके तहत अमरनाथ यात्रा के पहलगाम और बालटाल वाले दोनों रास्तों पर हर तरह के हवाई उपकरण- ड्रोन, यूएवी, और गुब्बारे प्रतिबंधित रहेंगे। यह फैसला 1 जुलाई से 10 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी। ये प्रतिबंध मेडिकल इवैक्युएशन, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों की तरफ से की जा रही निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होंगे।

# प्लेन क्रैश की जांच में एयरपोर्ट कर्मचारियों से पूछताछ, फोन जब्त

- दूसरा ब्लैक बॉक्स मिला



**अहमदाबाद.** एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच के तहत सुरक्षा एजेंसियों ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ से पूछताछ की और आगे की जांच के लिए उनके फोन जब्त कर लिए। सोमवार को बोइंग की एक टीम भी जांच के लिए दुर्घटनाग्रस्त स्थल पर पहुंची। वहां उसने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डेड (सीवीआर) और दूसरे ब्लैक बॉक्स को बरामद किया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान के ग्राउंड हैंडलिंग से जुड़े सभी कर्मचारियों से पूछताछ की गई है और उनके बयान दर्ज किए गए हैं। इन कर्मियों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने विमान के उड़ाने भरने से पहले उसका निरीक्षण किया था। इन कर्मचारियों के फोन भी एजेंसियों ने जब्त कर लिए हैं।

### सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी कब्जे में ली

एयरपोर्ट परिसर की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को भी जांच के लिए एजेंसी ने अपने कब्जे में ले लिया है।जांच से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि यह 360 डिग्री जांच है। इसमें घटना के सभी संभावित पहलुओं को शामिल किया गया है। जांच एजेंसियों ने हादसे में विमान के साथ छेड़छाड़ के पहलू से इनकार नहीं किया है।

### दूसरा ब्लैक बॉक्स बरामद

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को बोइंग की एक टीम जांच के लिए दुर्घटनाग्रस्त स्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डेड (सीवीआर) और दूसरे ब्लैक बॉक्स को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। बता दें कि विमान का पहला ब्लैक बॉक्स शुक्रवार को बरामद किया गया था। इसके साथ ही अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की समानांतर जांच शुरू की है। इसके तहत कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को दुर्घटना स्थल पर बुलाया गया है।

# कमल हासन फिल्म विवाद, SC की कर्नाटक सरकार को फटकार

- कहा- बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते
- एक्टर पर कन्नड़ के अपमान का आरोप

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने एक्टर कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ की कर्नाटक में रिलीज न होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि किसी को भी लोगों के सिर पर बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोका जा सकता।

जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कर्नाटक सरकार से कहा कि जब किसी फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल चुका है तो उसे देश के हर राज्य में दिखाया जाना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार को एक दिन का समय दिया है कि वह फिल्म की रिलीज पर स्थिति साफ करे।



दरअसल, कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (KFCC) ने मांग की थी कि जब तक हासन माफी नहीं मांगते, फिल्म रिलीज नहीं होगी। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है और मामला हाईकोर्ट की अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

कमल हासन ने 24 मई को चेन्नई में 'ठग लाइफ' के ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान कन्नड़ को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से जन्मी है। इसके बाद एक्टर और उनकी फिल्म का कर्नाटक में लगातार विरोध हो रहा है।

### SC बोला- हासन को माफी मांगने के लिए कहना उचित नहीं

कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट की उस टिप्पणी पर भी आपत्ति जताई, जिसमें कमल हासन से माफी की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट का हासन को माफी मांगने के लिए कहना उचित नहीं है। फिल्म ठग लाइफ 5 जून को देशभर में रिलीज हुई थी, लेकिन कर्नाटक में इसे रिलीज नहीं होने दिया गया।

# प्रेमी के सामने ही युवती से गैंगरेप, 7 हिरासत में

ओडिशा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गोपालपुर समुद्र तट पर एक सुनसान स्थान में 20-वर्षीय लड़की के साथ करीब 10 लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यहां एक निजी कॉलेज की स्नातक छात्रा द्वारा सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद गोपालपुर थाने में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस के अनुसार, लड़की तीन अन्य महिलाओं के साथ निजी मेस में रहती थी और रविवार को राजा उत्सव के अवसर पर वह अपने सहपाठी एवं प्रेमी के साथ समुद्र तट पर गई थी।

लड़की ने अपनी शिकायत में कहा कि वे एक सूनसान जगह पर बैठे थे उसी समय 10 लोगों का एक समूह 3 मोटर साइकिल से उनके पास आया और उन्होंने उसके प्रेमी को पकड़ लिया, जिसके बाद बारी-बारी से उसके (लड़की के) साथ दुष्कर्म किया गया।

# राजा मर्डर केस का शिलांग पुलिस ने किया रीक्रिएशन

- आरोपियों को लेकर स्पॉट पर पहुंची
- DGP बोलीं- जांच लव ट्राएंगल तक सीमित नहीं

**शिलॉन्ग.** शिलॉन्ग पुलिस मंगलवार सुबह राजा रघुवंशी मर्डर केस के आरोपियों को लेकर सोहरा पहुंची। सोहरा के वेई सावडोंग फॉल्स पर हत्याकांड का रीक्रिएशन किया। यहां फोरेंसिक डिपार्टमेंट और SDRF की टीमें भी मौजूद रहीं।

मेघालय की DGP इदाशीशा नोंग्रांग ने कहा- जांच अधिकारी हत्या का कारण केवल लव ट्राएंगल ही नहीं मान रहे हैं। यह असामान्य है कि शादी के कुछ दिनों के भीतर ही सोनम अपने पति के प्रति इतनी दुश्मनी पैदा कर ले। हम इस हत्या के सभी संभावित एंगल की जांच कर रहे हैं। हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं।

DGP नोंग्रांग ने बताया कि सोनम ने पति की हत्या की साजिश में शामिल होने की बात कबूल कर ली है। SIT ने असम और कुछ अन्य राज्यों की पुलिस से सहायता मांगी है, जहां आरोपी हत्या करने से पहले और बाद में रहे हैं।

- राजा की हत्या से पहले के दो वीडियो

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की मेघालय के सोहरा में हत्या से पहले के दो वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें से एक वीडियो में सोनम आगे चलती दिख रही है, जबकि राजा उसके पीछे है।

दूसरे वीडियो में तीन अन्य लोग ट्रैकिंग करते नजर आ रहे हैं। दावा है कि ये तीनों राजा की हत्या के आरोपी विशाल चौहान, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत हैं। इनमें से विशाल का चेहरा साफ नजर आ रहा है जबकि आनंद और आकाश अपना मुंह छिपाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।

ये दोनों ही वीडियो फोटोग्राफर देव ने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किए हैं। देव का पूरा नाम देवेंदर सिंह है। वे हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले हैं। फेसबुक पर इसी नाम से आईडी है।

# विमेंस वर्ल्डकप का शेड्यूल जारी



- 30 सितंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट
- इंडिया 12 साल बाद मेजबानी कर रहा
- 5 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार, भारत और पाकिस्तान की टीम 5 अक्टूबर को आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आगाज 30 सितंबर 2025 को होगा।

वैसे तो भारत को इस टूर्नामेंट की मेजबानी दी गई है, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के कारण पाकिस्तानी टीम का भारत आना मुश्किल है। ऐसे में यह मैच कोलंबो में कराने का फैसला लिया गया है।

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले ICC के सामने BCCI और PCB ने न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने के लिए सहमति जताई थी। भारत 12 साल के बाद पहली बार विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। पिछली बार इंडिया को 2013 में विमेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली थी।

### 5 वेन्यूज पर 28 लीग मैच खेले जाएंगे

इस टूर्नामेंट में 28 लीग मैच और तीन नॉकआउट मुकाबले पांच स्थानों बेंगलुरु, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे।

वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा। फाइनल 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में खेला जाएगा।

# यूपी विधानसभा में सपा-कांग्रेस साथ रहेंगे

- अखिलेश का ऐलान- इंडिया गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे



**लखनऊ.** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर अपना रूख साफ कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि इंडिया गठबंधन बरकरार है। उसी में विधानसभा चुनाव 2027 लड़ेंगे। सपा प्रमुख के इस बयान से से न सिर्फ गठबंधन की एकजुटता का संकेत मिला है, बल्कि आने वाले चुनावी समीकरणों को लेकर भी बड़ा संदेश गया है।

प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कानपुर के सीएमओ के तबादले को लेकर योगी सरकार पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, "पहले डिप्टी सीएम और आउटगोइंग सीएम के बीच टकराव था, अब तो सब एक-दूसरे से टकरा रहे हैं। कोई कूटा जा रहा है और जो मौजूदा सीएम हैं, वो खुद जा रहे हैं। भाजपा वाले पीडीए को न्याय नही देने दे रहे है।"

उन्होंने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी चौंकाने वाले आरोप लगाए। कहा कि दवा के नाम पर कोयले का घोल पिलाया जा रहा है और गलत इंजेक्शन से मौतें हो रही हैं। सपा मुखिया ने बुनकरों की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बुनकरों को अत्याधुनिक सुविधाएं दी जानी चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री को उनकी समस्याओं की समझ नहीं है। सपा बुनकरों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

अखिलेश यादव ने योगी सरकार के नीतियों पर सभी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक 20% भी गेहूं की खरीद नहीं की है। मुख्यमंत्री हवाई यात्रा के जरिये मक्के की फसल देखने जा रहे हैं, जबकि किसानों का सामना करने से बच रहे हैं।

वहीं, एक दिन पहले अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला करते हुए सवाल उठाया था कि सरकार बताए कि सिपाहियों की भर्ती में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की संख्या कितनी है और उनकी हकमारी कौन कर रहा है।

# सभी मतदान केंद्रों पर कैमरे लगेंगे, लाइव मॉनीटरिंग होगी

- अभी तक 50% सेंटर्स पर ही होती थी
- बिहार चुनाव से लागू होगा नियम



**नई दिल्ली.** वोटिंग प्रोसेस की निगरानी बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग (EC) अब सभी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग करेगा। EC ने सोमवार को बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव से यह फैसला लागू किया जाएगा।

वेबकास्टिंग डेटा आयोग के इंटरनल यूज के लिए होगा। मतलब इसे सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। अभी तक 50% पोलिंग स्टेशन की ही वेबकास्टिंग की जाती थी।

इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले इलाकों में वेबकास्टिंग की जाएगी। जिन इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं है वहां वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी जैसी ऑप्शनल व्यवस्था की जा सकती है।

प्रदेश, जिला और विधानसभा सीट स्तर पर वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। इसकी देखरेख और निगरानी के लिए प्रत्येक स्तर पर नोडल ऑफिसर नियुक्त किए जाएंगे।



केंद्र सरकार ने 20 दिसंबर, 2024 को पोलिंग स्टेशन के CCTV, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए नियम बदले थे

EC की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम 93(2)(A) में बदलाव किया था। नियम 93 कहता है- ₹चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे।₹

इसे बदलकर ₹चुनाव से जुड़े सभी दस्तावेज 'नियमानुसार' पब्लिकली उपलब्ध रहेंगे₹ कर दिया गया था। नियम में बदलाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस की याचिका लंबित है।

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले की वजह से बदला नियम

अधिकारियों ने बताया था कि AI के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के CCTV फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नरेटिव फैलाया जा सकता है। इसी कारण इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पब्लिक करने पर रोक लगाई गई।

हालांकि बदलाव के बाद भी ये रिकाड्र्स कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं।

दरअसल, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक केस में हरियाणा विधानसभा चुनाव से जुड़े दस्तावेज याचिकाकर्ता से साझा करने का निर्देश दिया था। इसमें CCTV फुटेज को भी नियम 93(2) के तहत माना गया था।

हालांकि चुनाव आयोग ने कहा था कि इस नियम में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड शामिल नहीं है। इस अस्पष्टता को दूर करने के लिए नियम में बदलाव किया गया।

संक्षेप...

## ठाणे मनपा के कुछ क्षेत्र में गुरुवार और शुक्रवार को जलापूर्ति नहीं

**ठाणे.** स्टेम प्राधिकरण में तकनीकी खराबी के कारण तत्काल मरम्मत कार्य 19 जून को सुबह 9 बजे से शुक्रवार 20 जून को सुबह 9 बजे तक जलापूर्ति बंद रहेगी।उस अवधि के दौरान ठाणे के कुछ क्षेत्रों में 12 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद रहेगी। घोड़बंदर रोड, पातलीपाड़ा, पवार नगर, कोठारी कंपाउंड, आजाद नगर, डोंगरीपाड़ा, वाघविल, आनंद नगर, कासरवडवली, ओवला आदि क्षेत्रों में गुरुवार दिनांक 19 को सुबह 9 बजे से 20 जून सुबह 9 बजे तक जलापूर्ति बंद रहेगी। साथ ही, समता नगर, रितु पार्क, सिद्धेश्वर, इटरनिटी, जॉनसन, जेल, साकेत, उथलसर, रेतीबंदर, कलवा और मुंब्रा के कुछ हिस्सों में शुक्रवार 19 जून को रात 9 बजे से सुबह 9 बजे तक जलापूर्ति बंद रहेगी।इस तरह कुछ समय के लिए जलापूर्ति जारी रखने की योजना बनाई गई है।इसलिए अगले 1 से 2 दिनों तक कम दबाव पर जलापूर्ति होने की संभावना है जब तक कि जलापूर्ति अपने पिछले समयानुसार नही होती है तबतक पानी का स्टोर करने के लिए नागरिकों से मनपा ने आवाहन किया है।

# भ्रष्ट ठेकेदार एवं मनपा अधिकारियों की बदौलत भिवंडी का हुआ बंटाधार

- टैक्स भुगतान के बावजूद शहरवासी झेल रहे भारी मुसीबत

वर्षा सिंह





**भिवंडी.** भिवंडी मनपा में विकास कार्यों का ठेका लेने वाले भ्रष्ट ठेकेदारों की वजह से भिवंडी शहर की हालत गांव से भी बदतर हो गई है.मनपा ठेकेदारों की घटिया कार्यप्रणाली की वजह से विश्व का मानचेस्टर माना जाने वाला पावरलूम उद्योग का शहर पूर्णतया बदसूरत हो चुका है. भिवंडी शहर की एकमेव पहिचान सर्वत्र गंदगी, खराब सड़कें, जलजमाव, ट्रैफिक जाम, अवैध निर्माण, अतिक्रमण, नो पार्किंग जैसी जन समस्याओं से जानी जाती है. आलम यह है कि, गंदगी, मूलभूत सुविधाओं के भारी अभाव की वजह से अधिसंख्यक कारोबारी अब भिवंडी छोड़कर अन्य शहरों की तरफ व्यवसाय के लिए रुख कर रहे हैं. मनपा द्वारा प्रति वर्ष नागरिकों की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपए खर्च के बावजूद ठेकेदारों एवं अधिकारियों के भ्रष्ट कारगुज़ारी से शहर का बंटाधार एवं विकास पूर्णतया थम चुका है.

गौरतलब हो कि,करीब 3 वर्षों के मनपा प्रशासक कार्यकाल के दौरान शहर का विकास होने के बजाय शहर का बंटाधार होने से नागरिकों में प्रशासकीय व्यवस्था के प्रति भारी नाराजगी फैली है. मनपा पर प्रशासक, आयुक्त की एकमेव सत्ता होने के बाद भी शहर में जन समस्याओं का निराकरण नहीं होने से प्रशासकीय कार्यकाल पर अंगुलिया उठनी शुरू हो चुकी हैं. आश्चर्यजनक है कि मानसूनी बारिश शुरू होने के बाद भी भिवंडी में ठेकेदारों द्वारा खुदाई कार्य नहीं रोकने से शहर गड्ढों की शक्ल में दिखाई पड़ता है. गड्ढों में भरा हुआ बरसात का पानी तालाब जैसा दिखाई पड़ता है. गड्ढों की सड़कें पैदल चलने लायक भी नहीं हैं.

### करोड़ों खर्च लेकिन नाला, गटर सफाई अधूरी.

जागरूक नागरिक दिलीप सिंह, भुवन प्रजापति, सोहम पंडित, अल्ताफ अंसारी, सुभान अली आदि का कहना है कि मनपा द्वारा करीब 3 करोड़ खर्च कर ठेकेदारों से नाला,गटर सफाई का कराया जा रहा कार्य बरसात में भी पूरा नहीं हुआ है.ठेकेदारों द्वारा सफाई के दौरान निकाला हुआ कचरा बारिश में दुबारा नाले में बह रहा है.सफाई ठेकेदार गटर,नाला से निकाला हुआ कचरा नहीं उठाते जिससे रहिवासी सोसाइटियों के सामने पड़ा हुआ कचरा बजबजाता संक्रामक बीमारियों को न्योता दे रहा है.

### मुख्यमंत्री से दखल की मांग

समाजसेवक परमेश्वर अंबोरे ने सीएम देवेंद्र फडणवीस एवं उप मुख्यमंत्री अजीत पवार,नगर विकास मंत्रालय सतर्कता विभाग को लिखितपत्र देकर भिवंडी मनपा के प्रशासक कार्यकाल में लिए गए तमाम निर्णयों, टेंडर प्रक्रिया, बिल्डिंग परमिशन आदि की सक्षम अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग की है.

# पीजी हॉस्टल में रह रही युवती ने की आत्महत्या

- सुरक्षा पर उठे सवाल

**नवी मुंबई.** ऐरोली सेक्टर 1 स्थित ओमकार हाइट्स सोसायटी में एक निजी आईटी कंपनी में कार्यरत 22 वर्षीय युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान नंदिनी तिवारी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर की निवासी थी और नवी मुंबई के विप्रो आईटी पार्क में कार्यरत थी। नंदिनी ऐरोली में एक पेइंग गेस्ट हॉस्टल में तीन अन्य युवतियों के साथ रह रही थी। हालांकि छुट्टी के कारण अन्य लड़कियाँ अपने-अपने घर चली गई थीं और वह कमरे में अकेली थी। सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे तक दरवाजा न खुलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़कर पुलिस ने जब अंदर प्रवेश किया,



तो युवती का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया।

प्रारंभिक जांच में रबाले पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव की बातें लिखी गई हैं। पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है और विस्तृत जांच जारी है।

इस घटना के बाद पीजी हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतका के भाई मयंक तिवारी ने बताया कि जब बहन हॉस्टल में शिफ्ट हुई थी तब उन्हें बताया गया था कि पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। लेकिन मौके पर पहुंचने पर एक भी कैमरा नहीं मिला। उन्होंने बताया कि सोसायटी के कैमरे भी बंद पड़े थे। मृतक के भाई मयंक तिवारी ने बताया कि मुझे शक है कि मेरी बहन के साथ कोई अनहोनी हो सकती है। हालांकि मुझे पुलिस पर पूरा भरोसा है कि वे हमें न्याय दिलाएंगे।जब इस बाबत पीजी हॉस्टल के मैनेजर राहुल मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हॉस्टल में कोई कैमरा नहीं है, केवल सोसायटी में कैमरे लगे हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि युवती के कमरे पर कौन आया या गया, इसका कोई रिकॉर्ड उनके पास नहीं है।

# भायखला इलाके में 2.30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

**मुंबई.** भायखला इलाके में रहने वाले एक नामी ज्वेलरी व्यापारी विजय कुमार जेठमल जैन (58) को एलटी मार्ग पुलिस ने 2.30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। 14 जून की रात पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। अदालत में पेशी के बाद उन्हें पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता कमलेश जैन, ज्वेलरी व्यापारी हैं, पुलिस को दी गई जानकारी में उन्होंने बताया कि आरोपी विजय कुमार जैन के साथ उनका व्यवसायिक संबंध वर्ष 2022 से था। दोनों के बीच कई बार व्यापार हुआ था, जिससे विजय जैन ने शिकायतकर्ता का विश्वास जीत लिया। इसी विश्वास के आधार पर विजय जैन ने हैदराबाद में बड़ी मांग होने की बात कहकर 2289.440 ग्राम 22 कैरेट शुद्धता वाले लेडीज नेकलेस की ऑर्डर दी, जिसकी अनुमानित कीमत 2.30 करोड़ रुपए से अधिक बताई गई है।

6 मार्च को शिकायतकर्ता के सेल्समेन कालूराम गुज्जर उर्फ शिवम ने चौहान ज्वेलर्स दागिना बाजार, मुंबादेवी रोड स्थित विजय जैन को उक्त आभूषण सौंपे। इसके बदले आरोपी ने अप्रूवल चलान पर हस्ताक्षर कर आभूषण प्राप्त करने की पुष्टि की थी। विजय जैन ने आश्वासन दिया था कि भुगतान 5-7 दिनों के भीतर उसके बदले शुद्ध सोना या आरटीजीएस के माध्यम से कर दिया जाएगा।

# ठाणे मनपा के स्कूलों में उत्साह के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

**ठाणे.** स्कूल का पहला दिन हर विद्यार्थी के लिए अलग होता है, किसी का पहला कदम, किसी का नया स्कूल,नई क्लास,नया बैच, नए शिक्षक,पुराने लेकिन नए मिले दोस्त आज का दिन उनके लिए भी खास रहा परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के, विधायक संजय केलकर, विधायक राजेश मोरे एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों,मनपा के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों का विशेष स्वागत किए जाने के कारण मनपा के विद्यालयों में आज का प्रवेशोत्सव विद्यार्थियों के लिए विशेष आनंददायी रहा। सोमवार से नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत हुई। इसके तहत स्थानीय सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण, विद्यार्थियों का स्वागत और विद्यालय को गोद लेने की गतिविधियों के अवसर पर प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने वर्तक नगर स्थित मनपा स्कूल क्रमांक 44 में विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की और नई पुस्तकें



वितरित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देने के लिए राज्य सरकार की प्रवेशोत्सव गतिविधि के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, शिक्षा अधिकारी कमलाकांत मेहेत्रे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सांसद नरेश म्हस्के ने किसान नगर स्थित मनपा स्कूल क्रमांक 23 के विद्यार्थियों को गुलाब और चॉकलेट देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक प्रकाश शिंदे, योगेश जानकर, संध्या मोरे, शिक्षा अधिकारी कमलाकांत मेहेत्रे, समूह अधिकारी संगीता बामने आदि उपस्थित थे। उसके बाद सांसद नरेश म्हस्के ने टेंभी नाका स्थित मनपा स्कूल क्रमांक 7 में भी विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक सुधीर कोकाटे, योगेश जानकर उपस्थित थे।

विधायक संजय केलकर ने आजाद नगर स्थित मनपा स्कूल क्रमांक 55 में विद्यार्थियों के साथ प्रवेशोत्सव मनाया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकें और भोजन वितरित किया। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक एकनाथ मढ़वी उपस्थित थे। विधायक राजेश मोरे ने खिड़कली स्थित स्कूल क्रमांक 89 में विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुलाब की पंखुड़ियां और नई पुस्तकें वितरित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल सफलता और आनंददायक शिक्षा की शुभकामनाएं दीं।

**PUBLIC NOTICE**

This is to Inform the Public at larger that Purchasers (i) Mrs. Geeta Rajesh Raghani and (ii) Mr. Rajesh Sawaldas Raghani. Contact No:- 9323623767are entering into a Deal in respect of Immovable Property Viz. THE RESIDENTIAL PREMISES KNOWN AS BARRACK NO. 1677, ROOM NO. 03, SECTION – 25, MAHAVIR HOSPITAL ROAD, ULHASNAGAR-421004, DIST. THANE, AREA ADMEASURING ABOUT 66 SQUARE YARDS, ASSESSED UNDER PROPERTY NO. 48CI010527300, MSEB CONSUMER NO.021514088885, BEARING C.T.S NO. 22057, TALUKA AND SUB - REGISTRATION ULHASNAGAR, DISTRICT & DISTRICT REGISTRATION THANE. THE SAID PROPERTY IS SITUATED WITHIN THE LIMITS OF ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION(here in after be Called as the "Said Property") From Present Owner (i) Mr. Ashok KishinchandKurseja, (ii) Mr. Kumar Kishinchand Kurseja and (iii) Mr. Vinod Kishinchand Kurseja called as "Seller" and (i) Mrs. Geeta Rajesh Raghani and (ii) Mr. Rajesh SawaldasRaghani is goning to Complete the Deal/ Agreement for Purchaser of the above said Property and is going to execute the final Sale Deed. If any Person having any Vested Interest Claim, Objection right or any Type of Interest is here by Invited toSubmit his/her Objection in writing along with Documentary Proof within 7 (Seven Days) of Publication of this Public Notice in the Undersigned Purchaser. If Nothing is received with in the Stipulated Period of 7 (Seven Days), the deal shall be shall be Finalized and Claimed, if any of any Person there after shall not be entertained.

Sd/-

**(i) Mrs. Geeta Rajesh Raghani**

**(ii) Mr. Rajesh SawaldasRaghani**

# शिवसेना (उबाठा) का कार्यकर्ता मेळावा उल्हासनगर में संपन्न

**उल्हासनगर.** शिवसेना (उबाठा) की ओर से रविवार को उल्हासनगर के सी-ब्लॉक स्थित गुरुद्वारे में भव्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेळावा आयोजित किया गया। इस मेळावे में शिवसैनिकों की भारी उपस्थिति ने आगामी उल्हासनगर महापालिका चुनाव के लिए पार्टी के पूर्ण तैयारी का संकेत दे दिया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं शिवसेना के वरिष्ठ नेता अनंत गीते ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा और निष्ठा पर बल दिया। साथ ही मंच से उपनेता गुरुनाथ खोत, संजय सामंत, दुधवडकर, तथा जिल्हा



प्रमुख धनंजय बोडारे ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी रण में उतरने का संदेश दिया। बोडारे ने शिवसैनिकों को 'एकनिष्ठ सैनिक' कहकर संबोधित करते हुए आगामी चुनावों के लिए कमर कसने का निर्देश दिया।

इस मौके पर शहर प्रमुखः कुलविंदर सिंह बैस, कैलाश तेजी, उपजिल्हा प्रमुखः राजेंद्र साहू, भीमसेन मोरे, युवा सेना जिल्हा प्रमुखः भाऊ सेठ म्हात्रे, महिला विभागः गंगा चौहान, मनमीत (पिंकी) भुल्लर, विधानसभा पदाधिकारीः मंगला पाटिल (संघटिका), शिवाजी जावले (प्रमुख), उपशहर प्रमुखः दिलीप मिश्रा, भगवान मोहिते, राजू माने, मधुकर साबले, उत्तर भारतीय विभाग अध्यक्षः मनोज तिवारी, विभाग प्रमुखः दशरथ चौधरी, सतीश शिंदे, शिवाजी हावले, उपविभाग प्रमुखः अशोक जाधव, आदिनाथ पालवे, ससाने, भास्कर शिंदे, संघटिकाः अंजली राउत, जया तेजी,मंगला पाटिल प्रमुख रूप से मौजूद थी. स्थानीय शिवसैनिकों की उमड़ी भीड़ और जोश से यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी आगामी उल्हासनगर महापालिका चुनावों में मजबूती से मैदान में उतरने जा रही है।

# बुलेट ट्रेन स्टेशन के लिए स्लैब कास्टिंग का कार्य पूरा



**ठाणे.** निर्माणाधीन बोईसर बुलेट ट्रेन स्टेशन के लिए पहले स्लैब की कास्टिंग पूरी कर ली गई है। यह स्लैब लगभग 40 मीटर चौड़ा और 37 मीटर लंबा है, जिसके निर्माण में 1070 घन मीटर कंक्रीट का उपयोग किया गया है। इस स्तर पर 9 स्लैब होंगे जो स्टेशन पर ट्रैक बिछाने के काम के लिए आधार बनेंगे। स्टेशन के दो स्तर होंगे अर्थात कॉन्कोर्स और रेल। स्टेशन की लंबाई 425 मीटर होगी।बोईसर स्टेशन के लिए लगभग 8000 मीट्रिक टन स्टील और 42,000 घन मीटर कंक्रीट का उपयोग किया जाएगा, जो कॉन्कोर्स स्तर पर 6000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में होगा। कुल स्टेशन क्षेत्र लगभग 17,000 वर्ग मीटर में होगा। बोईसर बुलेट ट्रेन स्टेशन के अग्रभाग का डिजाइन, इस क्षेत्र में कोंकणी मछुआरों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मछली पकड़ने के जाल से प्रेरित है।संचालन शुरू होने पर, यह स्टेशन शीघ्र ही निर्मित होने वाले वाधवन बंदरगाह (23 कि.मी.), बोईसर और तारापुर औद्योगिक क्षेत्र, तारापुर परमाणु ऊर्जा स्टेशन, तथा चिचानी बीच, नंदगांव बीच, शिरगांव बीच, केलवा बीच, दहानू और बोर्डी बीच, हीरादपाड़ा, और कलमनदेवी झरना आदि सहित विभिन्न लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों से कनेक्टिविटी में सुधार करेगा।

### स्टेशन सुविधाएं

दो मंजिला स्टेशन भवन में लाउंज, प्रतीक्षालय (भुगतान और निःशुल्क क्षेत्र दोनों), धूम्रपान कक्ष, प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय और पेयजल सुविधाएँ, स्तर परिवर्तन के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर, और कॉन्कोर्स स्तर पर भुगतान और निःशुल्क क्षेत्र में दुकानें होंगी।

**NOTICE**

Sumanti Co-op. Housing Society Ltd situated on block No A-448/896. having CTS No 20993 near Holy family School, Lal Chakki Ulhasngar-4.

The society members are giving the building for redevelopment and they had decided to give the building to JEWEL DEVELOPERS.

So if any body having any objection be can contact Nikhil Wadhwani on 9527015300

# 'डॉन-3' में कियारा को रिप्लेस करेंगी कृति सेनन!

- पैपराजी के सवाल पर एक्ट्रेस ने दिया रिएक्शन
- 2026 में रिलीज हो सकती है फिल्म

कृति सेनन इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में हैं।इसी बीच अब खबरें आ रही हैं कि एक्ट्रेस फिल्म डॉन 3 में नजर आ सकती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जब पैपराजी ने कृति को लेडी डॉन कहकर बुलाया, तो वह मुस्कुरा दीं। इसके बाद से यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि कियारा आडवाणी की जगह अब कृति सेनन फिल्म में नजर आ सकती हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि कृति सेनन मुंबई में किसी इवेंट में शिरकत करने पहुंची थीं। जैसे ही वह बाहर आईं, पैपराजी ने उन्हें पोज देने के लिए कहा। इसी दौरान पहले उन्हें परम सुंदरी कहकर पुकारा गया और फिर डॉन-डॉन की आवाजें आने लगीं। इतना ही नहीं, एक फोटोग्राफर ने उन्हें लेडी डॉन भी कह दिया। यह सुनते ही कृति ने कोई जवाब तो नहीं दिया, लेकिन वह मुस्कुराती हुई नजर आईं।



# 16 साल की कानूनी लड़ाई के बाद पूर्व स्टेशन मास्टर रिहा

**ठाणे.** ठाणे जिले में एक विशेष सीबीआई अदालत ने रिश्वत मामले में पूर्व स्टेशन मास्टर को निर्दोष माना है। पूर्व स्टेशन मास्टर ने इसके लिए 16 साल कानूनी लड़ाई लड़ी। अब जाकर उन्हें अदालत से न्याय मिला है। अदालत ने शिकायतकर्ता की गवाही और पेश किए गए सबूतों में अंतर पाया, जिसके बाद पूर्व अधिकारी को रिहा करने का आदेश दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत एस शिंदे ने 9 जून को दिए अपने फैसले में पूर्व स्टेशन मास्टर को रिहा करने का आदेश दिया। जिसकी कॉपी रविवार को मिली। फैसले में जस्टिस शिंदे ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में विफल रहा। साल 2009 में एक फल विक्रेता ने पूर्व स्टेशन मास्टर रामकरण पंचूराम मीणा पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि स्टेशन मास्टर ने फल विक्रेता सोनू राशिद रेन से 13 जून 2009 को दीवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों और स्टेशन परिसर में फल बेचने देने के लिए हर महीना 1000 रुपये और पूर्व के महीनों के लिए अतिरिक्त 5000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

सीबीआई ने कथित तौर पर मीणा को 2500 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा भी था। फल विक्रेता की शिकायत पर मीणा के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियोजन पक्ष का मामला शिकायतकर्ता की गवाही और अन्य गवाहों पर आधारित था।

Staff Required

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT : MR. RAJESH

Mob. No. : 9307579475

उल्हास वि NEWS LIVE

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

Google Play


GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017

www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com

Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099